उदासीनता जल संरक्षण और पानी बचाओ जल स्रोतों के उचित रखरखाव को लेकर शासन प्रशासन बड़े बड़े दावे और घोषणाएं करती है

जीवनदायिनी मानी जाने वाली पाणाझिर और बारांझ नदियां सूखने लगीं

नवभारत,नरसिंहपुर,तेंदूखेड़ा। जल संरक्षण और पानी बचाओ जल स्रोतों के उचित रखरखाव को लेकर शासन प्रशासन बड़े बड़े दावे और घोषणाएं करती हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत है। उपेक्षा के चलते उचित रखरखाव के अभाव में क्षेत्र की जीवनदायनी मानी जाने वाली बारांझ और पाणाझिर नदियां गर्मी की शुरुआत में ही पूरी तरह सूख चुकी हैं। इन नदियों का अस्तित्व अब विलुप्ति की कगार पर है। जिससे हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि बंजर होने की स्थिति में है और बेजुबान मवेशियों के सामने पानी का संकट खड़ा हो गया है।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी देखी हकीकत हैरानी की बात यह है कि तेंदूखेड़ा-बरमान मुख्य मार्ग पर स्थित इन नदियों के ऊपर से प्रतिदिन जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों का काफिला गुजरता है। फिर भी इन नदियों के पुनरुद्धार के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाया। बारिश के कुछ समय बाद ही नदियां सूख जाती हैं। जो क्षेत्र के गिरते भू जल स्तर और प्रशासनिक उदासीनता का प्रमाण है।

नक्कारखाने में तूती की आवाज बन गई स्टॉप डैम की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन दोनों नदियों पर स्टॉप डैम का निर्माण करा दिया जाता तो न केवल क्षेत्र के हजारों मवेशियों की प्यास बुझेगी साथ ही साथ सिंचाई की सुविधा मिलने से हजारों हेक्टेयर भूमि फिर से लहलहा उठेगी। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान पूर्व विधायक संजय शर्मा ने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया था और

स्वीकृति की उम्मीद भी जगी थी लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही यह योजना सरकारी फाइलों में दबकर रह गई।

जर्जर पुल दे रहे हादसे को आमंत्रण

नदियों के साथ साथ इन पर बने पुलों की स्थिति भी अत्यंत दयनीय हो चुकी है। पुलों की ऊंचाई कम होने के कारण सामान्य बारिश में भी ये जलमग्न हो जाते हैं।ये नदियां कई गांवों का आधार रही हैं, लेकिन आज ये अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं उचित मरम्मत न होने से पुलों के नीचे की मिट्टी का कटाव होता चला जा रहा है।जिससे अब वाहनों के गुजरने पर इनमें कंपन महसूस होता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मानसून के पूर्व पुलों का कायाकल्प और मरम्मत नहीं की गई। तो आगामी बरसात में गंभीर हादसा हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि प्राचीन समय से शासन प्रशासन को जल्द ही स्टॉप डैम और पुल निर्माण पर ध्यान देना चाहिए ताकि क्षेत्र की हरियाली और पशुधन को बचाया जा सके।

बिना ढके कूड़ा परिवहन बन रहा संक्रमण का कारण

नवभारत,गोटेगांव। एक ओर जहां नगर पालिका द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हीं प्रयासों पर नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों की लापरवाही पानी फेरती नजर आ रही है। कूड़ा एकत्र कर परिवहन करने वाली गाड़ियां निर्धारित नियमों का पालन नहीं कर रही हैं, जिससे आमजन को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर में जगह-जगह से कूड़ा उठाने के बाद उसे बिना ढके ही खुले वाहनों में ले जाया जा रहा है। इस लापरवाही के चलते सड़कों पर जहां तहां कचरा गिरता जाता है, जिससे न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि पूरे मार्ग में दुर्गंध का माहौल भी बन रहा है। हालात यह हैं कि जिन सड़कों को साफ रखने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है, वहीं सड़कों पर कचरा उड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार खुले में कूड़ा परिवहन करना गंभीर स्वास्थ्य जोखिम भी उत्पन्न करता है। कचरे से निकलने वाले हानिकारक बैक्टीरिया और विषैले तत्व हवा में फैलकर संक्रमण का खतरा बढ़ा सकते हैं, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय नागरिकों ने इस समस्या को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि नगर पालिका को केवल दिखावटी सफाई अभियानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सख्ती से निगरानी रखनी चाहिए। आवश्यक है कि संबंधित अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर तत्काल ध्यान दें और कूड़ा परिवहन के लिए निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। गाड़ियों को ढककर कचरा ले जाने की व्यवस्था लागू की जाए, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ हो सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

शिक्षिका ज्योति दुबे का किया अभिनंदन

नवभारत,करेली। शिक्षा के माध्यम से अनेक विद्यार्थियों को जीवन के पथ पर उन्नति की सीढ़ी चलकर लक्ष्य प्राप्त करने की ओर अग्रसर करते हैं शिक्षक। ऐसे ही 30 अप्रैल को ग्राम चमरुआ मैं पदस्थ सहायक शिक्षका ज्योति दुबे ने अपने शासकीय सेवा सफलता पूर्वक पूर्ण कर सेवानिवृत् हुई। इस अवसर पर ग्रामवासी एवं शाला परिवार शुभ चिंतकों द्वारा विद्यालय परिसर में उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन हुआ इस मौके पर उपस्थित सभी ने फूल मालाओं एवं शाल श्रीफल भेंट कर उनके आगामी उज्जवल भविष्य एवं सुखी स्वस्थ एवं प्रसन्न एवं दीर्घायु हेतु मंगल कामना दी गई।

नगर की समस्याओं को लेकर जागृति कमेटी ने पूर्व राज्यमंत्री को कराया अवगत

नवभारत,गोटेगांव। नगर में व्याप्त यातायात अव्यवस्था, अतिक्रमण, ध्वनि प्रदूषण एवं बारात निकासी के दौरान हो रही अनियंत्रित आतिशबाजी जैसी गंभीर समस्याओं को लेकर जागृति कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन जालम सिंह पटेल से सौजन्य भेंट कर नगर में फैली विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने श्री पटेल को ज्ञापन के समस्त बिंदुओं एवं नागरिकों द्वारा प्रस्तुत सुझावों से अवगत कराते हुए नगर की वर्तमान जमीनी समस्याओं को विस्तार से रखा। इस दौरान श्री पटेल ने नगर की बुनियादी आवश्यकताओं एवं आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि—अतिक्रमण, डीजे से होने वाला ध्वनि प्रदूषण एवं आतिशबाजी के अमानक उपयोग को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि—नगर में हाथ ठेला व्यापारियों एवं बैठकी संचालित बाजार से जुड़े फुटकर विक्रेताओं को व्यवस्थित करते हुए उनके लिए उचित स्थान एवं व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, साथ ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने लगाए जाने वाले छायादार शेड निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही स्थापित कराए जाएंगे। श्री पटेल ने नगर में लगातार लग रहे जाम एवं बढ़ती वाहन दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इनके स्थायी समाधान हेतु, सुरक्षित यातायात निकासी व्यवस्था, सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था प्रमुख चौराहों एवं बाईपास मार्गों पर पुलिस बल की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी अवगत कराया कि नगर में संचालित शराब दुकानों को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है, जिससे सामाजिक एवं यातायात संबंधी समस्याओं में कमी लाई जा सके।

उन्होंने बाजार प्रबंधन एवं यातायात प्रबंधन को अत्यंत गंभीर विषय बताते हुए कहा कि आगामी दिनों में संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित कर ठोस एवं प्रभावी निर्णय लिए जाएंगे। अंत में जागृति कमेटी गोटेगांव के प्रतिनिधिमंडल ने श्री पटेल एवं स्थानीय विधायक श्री महेंद्र नागेश का आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान कर नगरवासियों को राहत प्रदान की जाएगी। कमेटी कार्यकर्ताओं द्वारा सभी नागरिकों एवं प्रबुद्ध जनों के सहयोग से प्रतिलिपि ज्ञापन को संबंधित विभागों में प्रेषित किया जाएगा। कमेटी के संस्थापक सदस्य मुकेश चौकसे ने समस्त नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त किया।

बैनर पोस्टर तक सीमित रह गया फुहारा चौक,चालू कराने की उठी मांग

नवभारत,गोटेगांव। नगर की सुंदरता का केंद्र फुआरा चौक पर लगा फुहारा को चालू करने की नगरवासी मांग उठा रहे हैं भीषण गर्मी से ताकि नगर वासियों को थोड़ी सी राहत मिल सके और साथ ही साथ नगर की सुंदरता में चार चांद लग सकें क्योंकि फुहारा चौक बैनर पोस्टर फ्लेक्स चिपकने तक ही सीमित रह गया है नगर पालिका से आम नागरिकों ने अपील की है कि फुआरा चौक पर लगे फुहारे की कायाकल्प कर पुनः चालू कराने की मांग की है जिससे लोगों को थोड़ी बहुत गर्मी से राहत मिल सके फुहारा चौक के सामने चौपाटी भी लगती है यहां पर हमेशा भीड़भाड़ का माहौल रहता है जिससे लोगों की आवाजाही बनी रहती है और

पास में रेलवे स्टेशन भी स्थित है आते-जाते राहगीरों को इस भीषण गर्मी से ठंडक मिल सके साथ ही नगर में सुंदरता के साथ-साथ नगर के हृदय स्थल फुआरा चौक की खूबसूरती कायम रहे ! ऐसी अपील नगरीय प्रशासन से आम नागरिकों ने फुआरा चौक का कायाकल्प कर चालू कराने की मांग की है।

एक नजर में

बंगाल की ऐतिहासिक जीत पर गोटेगांव भाजपाइयों में हर्ष

नवभारत,गोटेगांव। बीते दिवस भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर बंगाल में इतिहास रचा और यह इतिहास लंबे संघर्षों के बाद भाजपा रच पाई है जिसको लेकर गोटेगांव के भाजपाइयों में हर्ष और उल्लास देखा गया पटेल वार्ड स्थित नगर पालिका अध्यक्ष निवास पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने जमकर बंगाल की जीत पर ढोल नगाड़े आतिशबाजी कर जश्न मनाया साथ ही सामूहिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की जीत पर मिठाइयां बाटी गई और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी एवं पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक जीत पर शीश नेतृत्व का आभार एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस मौके पर जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक विधायक महेंद्र नागेश पूर्व विधायक हाकमसिंह चढार जितेंद्र चौबे सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे जितेंद्र चांदोरिया नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी दीपक सोनी निशा बरडिया सीमा गुप्ता संध्या कहार सहित अन्य बीजेपी जन प्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

होनहार छात्र और उनके साथी ने एक अनोखा डिवाइस तैयार किया

नवभारत,गाडरवारा। नगर के होनहार इंजीनियरिंग छात्र कान्हा शर्मा ओर उनके साथी ने एक अनोखा डिवाइस तैयार किया है, जो बिना सिम कार्ड और बिना इंटरनेट के संदेश भेजने में सक्षम है। यह डिवाइस आधुनिक संचार तकनीकों पर आधारित है और आपातकालीन परिस्थितियों में बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। कान्हा द्वारा विकसित यह तकनीक खासतौर पर उन स्थितियों में कारगर है, जब नेटवर्क पूरी तरह ठप हो जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार के डिवाइस का उपयोग सेना द्वारा युद्ध के समय या आपदा प्रबंधन में किया जा सकता है। इस नवाचार से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है, वहीं यह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन रहा है।

दीवान शैलेन्द्र सिंह जिला संगठन प्रभारी बने

नवभारत,तेंदूखेड़ा। इन दिनों म प्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी संगठन में मजबूती लाने की दिशा में ब्लाक और जिला स्तर पर नित नई व्यवस्थाओं में सक्रिय बनें हुए हैं। इसी सिलसिले में कांग्रेस से लोकसभा प्रत्याशी रहे कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव दीवान शैलेन्द्र सिंह को नरसिंहपुर जिले का संगठन महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। उनके इस मनोनयन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाईयां प्रेषित की हैं। तथा संगठन को मजबूती मिलेगी ऐसी अपेक्षा व्यक्त की गई है। गौरतलब रहे कि दीवान शैलेन्द्र सिंह पूर्व में म प्र शासन के मंत्री रहे स्व दीवान चंद्रभान सिंह के सुपुत्र हैं एवं कांग्रेस की हर गतिविधि में सक्रिय बनें हुए हैं।

1200 कंटूर ट्रेंच वर्षा जल को संरक्षित करने में सहायक होगा

नवभारत,नरसिंहपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक ग्राम में कंटूर ट्रेंच निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को रोककर सहेजा जा सके। कलेक्टर रजनी सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत बेलखेड़ी शेड़ में गौशाला के समीप ढलान युक्त स्थल का निरीक्षण कर कंटूर ट्रेंच निर्माण करने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तकनीकी दल, पंचायत पदाधिकारियों एवं जनसहयोग से 1200 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया। इन ट्रेंच के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित करने में सहायता मिलेगी। वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोककर उसे जमीन के अंदर समाहित किया जा सकेगा। कंटूर ट्रेंच के माध्यम से वर्षा जल धीरे-धीरे जमीन में समाहित होकर भू-जल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगा।

श्रीदेव भूतेश्वर मंदिर में महिलाओं ने भक्ति भाव से गौरी मैया का किया पूजन-अर्चन

नवभारत,गोटेगांव। विगत दिवस किसानी मोहल्ला स्थित श्रीदेव भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कायस्थ समाज एवं अन्य समाज की महिलाओं द्वारा विधिवत गौरा मैया का पूजन-अर्चन बड़े भक्ति भाव से संपन्न किया गया। वैशाख मास, जिसे सनातन परंपरा में शिवजी का प्रिय मास माना गया है, धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र और मंगलकारी समझा जाता है। इस माह में व्रत, उपासना और शुभ कर्मों का विशेष महत्व बताया गया है। महिलाओं द्वारा परिवार की सुख-समृद्धि तथा सौभाग्य की कामना से किए जाने वाले पूजा-अनुष्ठान इस मास की महत्ता को और भी बढ़ा देते हैं। इसी परंपरा के अंतर्गत कायस्थ की मातृशक्ति ने मिलकर यह सामूहिक पूजा आयोजित की। कार्यक्रम में गौरी मैया की परंपरागत विधि से पूजा, मंगलगीत, आरती और पारिवारिक कल्याण की सामूहिक प्रार्थना की गई। पूरे वातावरण में श्रद्धा, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत अनुभव रहा। गौरी मैया के विशेष पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। सभी ने अपने परिवार के सुख-शांति, आरोग्य और कल्याण हेतु पूजा-अर्चना की।

मंडल अध्यक्ष ने शिव पूजन कर मनाए जन्मदिन

नवभारत,गाडरवारा। भाजपा कौड़ियां मंडल अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डमरूघाटी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का अभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर विकास के लिए भी प्रार्थना की।

मंडल अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर ने कहा कि भगवान शिव की कृपा और जनता के आशीर्वाद से उन्हें समाज सेवा एवं संगठन के कार्यों में लगातार कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और वे हमेशा क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे। जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कौड़ियां, गाडरवारा, बोहनी, पलोहा, खैरी सहित कई गांवों एवं नगर क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं

द्वारा केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान मिठाई वितरित कर लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने एवं क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जन्मदिन के अवसर पर कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित किए, जहां फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे दिन मंडल अध्यक्ष को मोबाइल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी शुभकामनाएं मिलती रहीं, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना रहा।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को समय सीमा की बैठक आयोजित

कलेक्टर रजनी सिंह ने बैठक में की विभागीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा

नवभारत,नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में करें। निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के लिए, निर्माण कार्यों की लगातार मॉनीटरिंग करें।

आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर रजनी सिंह ने आयोजित बैठक में जल संचय जनभागीदारी 2.0 के अंतर्गत वन विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, जन अभियान परिषद, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग,

शहरी क्षेत्र एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खेत-तालाब निर्माण, कंटूर ट्रेंच, वॉटर हार्वेस्टिंग के निर्माण कार्य तथा जल स्रोतों में नदी-नालों, तालाबों और बाबड़ियों इत्यादि की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में राष्ट्रीय जनगणना के कार्यों को गंभीरतापूर्वक निर्धारित समय में पूर्ण करने को कहा। राष्ट्रीय जनगणना के कार्यों की लगातार मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा की गई। आवेदकों को निर्धारित समय सीमा में सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में संबल योजना के प्रकरण तथा उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं और उपार्जन क्रय करने के संबंध में जानकारी ली गई।

आवंटन की जानकारी

उन्होंने किसानों को मापदंड अनुसार खाद का वितरण करने को कहा। कलेक्टर सिंह ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, आयोग द्वारा प्राप्त पत्र, संबल योजना, पीएम जनमन आवास योजना, खाद्य वितरण, उपार्जन केन्द्र, लंबित पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण, पीएम आवास योजना-शहरी, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं, एक बगिया मां के नाम, गौशाला, भू-अर्जन एवं भू-अधिग्रहण, राजस्व विभाग, विभागों को भूमि आवंटन की जानकारी, अटल पेंशन योजना के प्रकरण इत्यादि की विस्तार से समीक्षा की।

जिले में 30 हजार 137 स्लॉट बुकिंग और 5 लाख 82 हजार 128 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी

नवभारत,नरसिंहपुर। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जिले में अब तक गेहूं विक्रय के लिए 30 हजार 137 किसानों के द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। जिले में 11 हजार 997 किसानों से 5 लाख 82 हजार 128 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। 2 हजार 538 किसानों को 26.85 करोड़ रुपये का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जा चुका है।

जिले में संचालित सभी 69 गेहूं खरीदी केन्द्रों में पृथक- पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो प्रतिदिन खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर उपार्जन कार्य में नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण कर रहे हैं। उपार्जन में आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों को बैठने के लिए छायादार व्यवस्था एवं पेयजल की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। जिले की सभी खरीदी केन्द्रों में 6-6 तौल-कांटे एवं 30 से 50 हम्मालों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में 13 खरीदी केन्द्रों में 4 से कम तौल-कांटे पाए जाने पर इन केन्द्रों को सख्त निर्देश दिए गए है कि 6-6 तौल-कांटे सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं जिले में उपार्जन के लिए अधिकृत जिला नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा नियमित रूप से उपार्जन की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। उपार्जन में आने वाली कठिनाईयों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर सतत पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण रखा जावे। उपार्जन कार्य प्रारंभ नहीं करने के कारण नियमानुसार कार्यवाही करते हुए इन खरीदी केन्द्रों को निरस्त कर उनके स्थान पर नवीन खरीदी केन्द्र स्वसहायता समूहों के बनाए गए हैं।